Hindi

# इमीग्रेशन को लागू करने के संबंध में
# छोटी व्यावसायिक गाइड

इस गाइड में जानकारी दी गई है और यह कोई कानूनी सलाह नहीं है।

## आपका व्यवसाय निम्न के ज़रिए इमीग्रेशन एजेंट्स से संपर्क कर सकता है:

- **छापा**- फेडरल एजेंट दस्तावेज न होने के कारण शक के घेरे में आने वाले कर्मचारियों से सवाल कर सकते हैं और उन्हें हिरासत में ले सकते हैं।
- **लक्ष्य बनाकर लागू करना** - फेडरल एजेंट हिरासत में लेने के लिए किसी विशेष व्यक्ति (या व्यक्तियों) की तलाश में हो सकते हैं। जब तक वे वहाँ होते हैं, वे अन्य लोगों से पूछताछ कर सकते हैं या उन्हें हिरासत में ले सकते हैं।
- **फ़ॉर्म I-9 ऑडिट -** आपके व्यवसाय से आपके कर्मचारियों की पहचान की पुष्टि करने और इसके लिए सभी I-9 फ़ॉर्म देने के लिए कहा जा सकता है कि क्या उन्हें अमेरिका में काम करने के लिए अधिकार दिया गया है।

**I-9 फ़ॉर्मों का प्रयोग किसी व्यवसाय में सभी कर्मचारियों के कार्य प्राधिकरण को सत्यापित करने के साधनों के रूप में किया जाता है**



- **SSA मैच न करने के बारे में पत्र** - यदि किसी कर्मचारी का सोशल सिक्योरिटी नंबर और नाम सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (SSA) के रिकॉर्ड्स से मैच नहीं करता है, तो वह व्यवसायों को पत्र भेजेगा।

## अब कैसे तैयारी करें

- किसी इमीग्रेशन रोजगार वकील की मदद लें।
- अपने अधिकारों को जानने के लिए अपने सभी कर्मचारियों के साथ प्रशिक्षण लें।
- अपने व्यवसाय के लिए इस बारे में योजना बनाएँ कि इमीग्रेशन एजेंटों को जवाब कैसे दें। योजना की प्रैक्टिस करें और पक्का करें कि सभी कर्मचारी योजना को समझें।
- अपने I-9 फ़ॉर्मों का खुद ऑडिट करें और जो भी गलतियाँ दिखाई दें, उन्हें ठीक करें। पुराने I-9 फ़ॉर्म के साथ ठीक किया हुआ फ़ॉर्म लगाकर ऐसा करें।
- पुराने I-9 फ़ॉर्मों को हटा दें। आपको किसी कर्मचारी को काम पर रखने की तारीख के बाद 3 साल तक या उसका रोजगार खत्म होने के बाद 1 साल तक, जो भी बाद में हो, तक I-9 फ़ॉर्म फ़ाइल में रखने होंगे।
- अपने व्यवसाय में प्राइवेट जगहों में "प्राइवेट" या "केवल स्टाफ़" के साइन लगाकर उन पर साफ़ तौर पर लेबल लगाएं।

## I-9 ऑडिट्स या SSA मैच न करने के पत्र से कैसे निपटें

- तुरंत किसी इमीग्रेशन रोजगार वकील से मिलें।
- माँगे गए दस्तावेज़ डाक से भेजने से पहले सभी दस्तावेज़ों की प्रतियाँ बना लें। सिर्फ़ माँगे गए दस्तावेज़ ही दें।
- I-9 ऑडिट के दौरान आपके पास अपने I-9 फ़ॉर्म भेजने के लिए 72 घंटों का समय होता है। **उन्हें ये फ़ॉर्म तुरंत न दें** (जब तक कि एजेंटों के पास वारंट न हो)।
- I-9 ऑडिट के दौरान यदि फेडरल एजेंटों को ऐसे कोई कर्मचारी मिलते हैं जिनके पास काम करने का अधिकार नहीं है, तो आपके पास इन कर्मचारियों के लिए मान्य कार्य प्राधिकरण (वर्क ऑथोराइज़ेशन) का सबूत देने के लिए 10 दिन का समय होता है। यदि आप सबूत नहीं दे सकते, तो आपसे उनका रोजगार खत्म करने के लिए कहा जाएगा।
- SSA मैच न करने के पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करें और किसी भी गलती को ठीक करें।

## छापे या लागू करने के लिए की गई कार्रवाई के दौरान क्या करें

- शांत रहें! कर्मचारियों से भी शांत बने रहने के लिए कहें। **कभी भी न भागें!**
- आपके और आपके कर्मचारियों के पास सवाल पूछे जाने पर चुप रहने और वकील को बुलाने के लिए कहने का अधिकार है।
- फेडरल एजेंटों से पूछें कि क्या उनके पास वारंट है। आमतौर पर 2 तरह के वारंट होते हैं:
  - प्रशासनिक: इस वारंट से एजेंट वारंट में उल्लिखित व्यक्ति को केवल **सार्वजनिक** जगहों पर ढूँढ़ सकते हैं।
  - न्यायिक: इस वारंट से एजेंट प्राइवेट जगहों पर ढूँढ़ सकते हैं। न्यायिक वारंटों पर **हमेशा जज** के हस्ताक्षर होते हैं।
- जब तक आप किसी वकील से बात नहीं कर लेते, तब तक किसी भी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर न करें।
- 18 साल या इससे ज़्यादा उम्र के सभी इमीग्रेंट्स (आप्रवासियों) को अपने पास इस बात का सबूत रखना होगा कि उनके पास अमेरिका में रहने का अधिकार है। कर्मचारी कोई भी दस्तावेज़ न देने का फैसला कर सकते हैं, लेकिन इसके कारण उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है।
- **कभी भी** गलत दस्तावेज़ न रखें या न दें या झूठ न बोलें!
- यदि आपको, आपके कर्मचारियों को, या आपके परिवारों को तुरंत मदद की ज़रूरत है और लागू करने की कार्रवाई Somerville में हो रही है, तो 911 पर संपर्क करें।
- यदि किसी भी कर्मचारी को हिरासत में लिया जाता है, तो फेडरल एजेंटों से पूछें कि उन्हें कहाँ ले जाया जाएगा।
- एजेंटों के जाने के बाद जो कुछ भी हुआ है, उसे नोट करें

ज़्यादा जानकारी के लिए economicdevelopment@somervillema.gov पर Somerville शहर के आर्थिक विकास कार्यालय (Economic Development Office) से या soia@somervillema.gov पर Somerville के आप्रवासन कार्य कार्यालय (Somerville Office of Immigrant Affairs) से संपर्क करें